उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 24 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944

( दिनांक : 14 जून, 2022 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. शुभारम्भ ''वन्दे मातरम्'' (देखिये नत्थी **''क''**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **''ख''**)

3. निधन के निदेश।

4. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 30 मार्च, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का चतुर्थ अधिनियम बन गया।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. श्री हरीश सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत पूर्ववर्ती सरकार में स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य आरम्भ कराये जाने के संबंध में'' श्री जीवन चन्द्र द्विवेदी, पुत्र श्री दयाधर द्विवेदी, पूर्व ग्राम प्रधान, ग्राम-सैमली व पोस्ट-ऑफिस खीरी, जनपद-पिथौरागढ़ एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

8. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

10. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ग")

11. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)**

12. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2022-2023 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

13. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 13 जून, 2022

(मुकेश सिंघल)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

उत्तराखण्ड विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2022
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार,
## 24 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944
## (दिनांक : 14 जून, 2022)

## नत्थी 'ख'

### तारांकित प्रश्न

| सदस्य | प्रश्न | विभाग |
|---|---|---|
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>05.05.2022 | *01. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में कनखल, भोगपुर, गंगादासपुर होकर बालावाली तक गंगा नदी पर बने हुए पुश्तों के सामानान्तर सड़क के निर्माण का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो इसका संक्षिप्त विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो जनता की मांग के बावजूद इस सड़क का निर्माण न किये जाने का क्या कारण है ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>05.05.2022 | *02. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में गंगा नदी के पानी से श्यामपुर कांगड़ी से लेकर भोगपुर तक लोगों की खेती योग्य भूमि का निरन्तर कटाव हो रहा है, जिससे बड़ी मात्रा में क्षेत्रवासियों को हानि हो रही है ? यदि हां, तो इस कटाव को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>06.05.2022 | *03. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र–जसपुर के अन्तर्गत फीका नदी व ढैला नदी से बरसात में काश्तकारों की कृषि भूमि को बाढ़ के कारण भारी क्षति पहुँचती है तथा कृषकों की सैकड़ों बीघा भूमि तबाह होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्र में बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

श्रीमती ममता राकेश
06.05.2022

*04. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र को केन्द्रीय जल आयोग (सी0डब्लू0सी0) द्वारा क्रिटिकल जोन घोषित कर दिया गया है, जिस कारण नये नलकूप आदि का निर्माण न होने से किसानों को सिंचाई की समस्या हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में भगवानपुर क्षेत्र को सेन्ट्रल वाटर क्रिटिकल जोन से बाहर निकाल कर सिंचाई समस्या का समाधान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री खजान दास
06.05.2022

*05. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत डांडीपुर से तिलक रोड तक मन्नूगंज नाले पर विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों के पुनर्निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रमुख अभियन्ता सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अपने पत्रांक 4155/प्र0अ0/सि0वि0/नि0अनु0/पी–27 (राज्य सैक्टर) दिनांक 23 नवम्बर, 2021 के द्वारा रु0 88.06 लाख का आगणन शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी अवगत है कि अब तक भी उक्त नाले के पुर्ननिर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है जिस कारण जनमानस को उक्त पुनर्निर्माण कार्य न होने से जान–माल के हानि का अंदेशा है ? क्या मंत्री जी क्षेत्र में निवासरत लोगों/परिवारों के जान–माल की सुरक्षा हेतु मन्नूगंज नाले पर विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों की पुनर्निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री फुरकान अहमद
06.05.2022

*06. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के पिरान कलियर शहर और दरगाह के बीच गंगनहर पर बने हुए पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण इस पर वाहनों की आवाजाही बन्द है एवं यह पुल केवल पैदल यात्रियों के लिये ही खुला हुआ है? क्या मंत्री जी अवगत है कि पुल लगभग 100 मीटर लम्बा है तथा एक मात्र लिंक मार्ग होने के कारण इस पुल पर सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है तथा क्षतिग्रस्त होने के कारण इस पुल पर कभी भी हादसा हो सकता है जिससे जानमाल की हानि हो सकती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनहित में इस पुल की मरम्मत करवाने पर विचार करेंगे? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री संजय डोभाल
06.05.2022

*07. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत स्तर में हो रहे भ्रष्टाचार के कितने मामले लम्बित हैं तथा लम्बित मामलों पर अब तक कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो उपरोक्त मामलों की जनपदवार स्थिति क्या है तथा उक्त का निस्तारण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायती राज

श्री फुरकान अहमद
09.05.2022

*08. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिरान कलियर, दरगाह, रुड़की, जनपद हरिद्वार को पांचवा धाम घोषित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो इसका सम्पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

संस्कृति

| | | |
|---|---|---|
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>09.05.2022 | *09. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में बहुत से नलकूप अक्रियाशील स्थिति में है, जिसके कारण प्रदेश भर में काफी कृषि भूमि असिंचित रह जाती है ? यदि हां, तो क्या सरकार नलकूपों के सुचारु संचालन हेतु अक्रियाशील नलकूपों को अतिशीघ्र क्रियाशील करने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री खजान दास<br>09.05.2022 | *10. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र की सीमाओं से लगी रिस्पना एवं बिन्दाल नदियों पर दोनों ओर तटबंध (सुरक्षा दीवार) न होने के कारण हर वर्ष जान–माल की हानि होती रहती है तथा जनमानस द्वारा भू–कटाव से होने वाली जान–माल की हानि को रोकंने हेतु लम्बे समय से उक्त नदियों के दोनों ओर तटबंन्ध बनाये जाने की मांग की जा रही है किन्तु अब तक तटबंध (सुरक्षा दीवार) निर्माण हेतु कोई कार्ययोजना तैयार नही हो पायी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदियों के कटाव से होने वाली जाल–माल की हानि को रोकने हेतु आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व तटबंध (सुरक्षा दीवार) की कोई कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>11.05.2022 | *11. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी चोरगलिया मार्ग में बहने वाले शेर नाले में बरसात के दिनों में अत्यधिक पानी आने से घन्टों आवागमन बाधित रहता है और जान माल का खतरा बना रहता है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि हल्द्वानी चोरगलिया मार्ग के मध्य में बहने वाले शेर नाले पर पुल बनाने की सरकार की कोई योजना वर्तमान में गतिमान है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>11.05.2022 | *12. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार में सिंचाई विभाग के कितने नलकूप अधिष्ठापित है तथा इन नलकूपों में कितने क्रियाशील है व कितने अक्रियाशील है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अक्रियाशील नलकूपों को क्रियाशील करने हेतु सरकार द्वारा योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>12.05.2022 | *13. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत उत्तर द्वारिका के नाम से प्रसिद्ध सेम नागराज धाम को सरकार पांचवा धाम घोषित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |
| श्री प्रीतम सिंह<br>12.05.2022 | *14. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पर्यटन को गति देने के लिए सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो कार्ययोजना क्या है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से आतिथि तक कितने नये पर्यटक स्थल विकसित किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री फुरकान अहमद<br>13.05.2022 | *15. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जिलाधिकारी–पिथौरागढ़ के पत्रांकः 1488/चौबीस0न्या0सहा0/2019–20, दिनांक 30 जून, 2020 तथा मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–1 के पत्रांक VIP/CM/(A)172/XXXV-1/2019(1) दिनांक 24 जून, 2020 पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? क्या यह सही है कि मात्र 300 मीटर का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से शासन में लम्बित है और इसके कारण स्थानीय जनता को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कब तक डामरीकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजान दास<br>17.05.2022 | *16. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग (अस्थाई खण्ड), थत्यूड़ के अन्तर्गत सुवाखोली–अलमस–भवान–नगुण मार्ग पर डी0बी0एम0/बी0सी0 द्वारा पक्कीकरण एवं सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत क्रैश बेरियर, डेलीनेटर, रेगुलेट्री, इनफोर्रमेंट्री, बोर्ड तथा 12 मीटर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य हेतु (किमी0 01 से 61.500 तक) केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सी0आर0आई0एफ0) सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रू. 5534. 85 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है ? क्या सत्य है कि उक्त मार्ग की डेडलाइन की स्वीकृति ए0डी0बी0 से प्राप्त है, फिर भी बिना किसी प्रस्ताव एवं वन विभाग की अनापत्ति के अनावश्यक रुप से सरकारी धन का दुरप्रयोग कर सड़क की कटिंग की जा रही है और सड़क की एक फिट चौड़ाई भी नहीं बढ़ रही है ? क्या सरकार केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सी0आर0आई0एफ0) से स्वीकृत धनराशि का दुरुप्रयोग रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के साथ–साथ दोषी अधिकारियों के विरुद्व दडांत्मक कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>18.05.2022 | *17. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कुल कितनी सिंचाई नहरें निर्मित है, इनमें से कितनी नहरें पूर्ण रूप से तथा कितनी नहरें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत अधिकतर नहरें क्षतिग्रस्त है या पूर्ण रूप से बन्द होने के कारण किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों के हितो को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र ही क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निर्माण/मरम्मत करायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| श्री मयूख महर<br>18.05.2022 | केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।<br>*18. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत करायेंगे कि टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राज मार्ग के विस्तारीकरण में घाट से पिथौरागढ़ तक मलवा डालने हेतु कुल कितने डम्पिंग जोन बनाये गये है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि निर्धारित डम्पिंग जोन के अतिरिक्त कितने स्थानों पर ठेकेदार द्वारा मलवा डाला गया है तथा विभाग द्वारा अब तक ठेकेदार की इस लापरवाही के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि मार्ग विस्तारीकरण में उत्सर्जित मलवे की मात्रा एम0बी0 बुक के अनुसार इग्यार देवी से पिथौरागढ़ तक कितना घन मीटर है ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>18.05.2022 | *19. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में सरकार की होमस्टे की क्या नीति है ? क्या प्रदेश में होमस्टे की जो नीति है, उसका परिपालन हो रहा है ? यदि नहीं, तो सरकार की नीति के विपरीत होमस्टे में हो रही अनियमितताओं को रोकने के लिए कोई कदम उठाये गये है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>18.05.2022 | *20. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2022 में चारधाम यात्रा में अब तक कितने तीर्थ यात्री दर्शनों हेतु आये है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि व्यवस्थाओं के अभाव से आतिथि तक कितने तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हुई है ? क्या सरकार द्वारा चारधाम तीर्थ यात्रियों के दर्शनों हेतु कोई व्यवहारिक व्यवस्थायें की गई है ? यदि हां, उक्त व्यवहारिक व्यवस्थाएं क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>05.05.2022 | 01. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टीनेशन की योजना के अन्तर्गत ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र काशीपुर के धार्मिक स्थल तीर्थ द्रोणासागर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, मां भगवती बाल सुन्दरी देवी मंदिर, गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब एवं रमणीक स्थल गिरीताल का सौन्दर्यीकरण किए जाने हेतु योजना स्वीकृत कर दी गई है ? यदि हां, तो सम्बन्धित स्थलों के लिए कितनी–कितनी धनराशि अवमुक्त की गई है और कब तक सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>05.05.2022 | 02. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत वि0ख0 बाराकोट में सुतेड़ा से जमरेड़ी कालेश्वर तक मोटर मार्ग का निर्माण न होने से जनता को अत्यधिक कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>05.05.2022 | 03. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत देवली से नौलिया गांव तक सड़क निर्माण न होने से स्थानीय लोगों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण सरकार द्वारा व्यापक जनहित में कब तक करा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी<br>05.05.2022 | 04. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से मार्च 2022 तक गढ़वाल मण्डल में बाढ़ सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कौन–कौन से कार्य किये गये है ? क्या मंत्री जी किये गये कार्यों की सूची और उसमे व्यय की गई धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

श्रीमती अनुपमा रावत
05.05.2022

05. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भोगपुर से कांगड़ी तक गंगा नदी के ऊपर मोटरेबल पुल बनाने का प्रस्ताव है ? क्या मंत्री जी को इस तथ्य की जानकारी है कि इस पुल के निर्माण से हरिद्वार के कुम्भ क्षेत्र का विस्तार होगा ? क्या सरकार व्यापक जनहित में आगामी कुम्भ से पहले इस पुल का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
05.05.2022

06. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत घुन्तु सौंग धारी क्षेत्र में सौंग बांध का निर्माण प्रस्तावित है ? क्या यह सत्य है कि ग्राम पंचायत तौलिया काटल, रगड़गांव एवं लड़वाकोट (प्लेड) भाग को विस्थापन क्षेत्र में रखकर जनवरी 2021 से II(1) कुछ धारायें लगायी गई है ? क्या यह भी सत्य है कि धारायें लगाये जाने के बाद न तो बांध निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया और न ही कुछ विकास कार्य हो पा रहे है? क्या सरकार बांध निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाकर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री प्रमोद नैनवाल
05.05.2022

**द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–09 में स्थानान्तरित।**

07. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र रानीखेत के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिकियासैंण के लिंक मोटर मार्ग का सुधारीकरण/डामरीकरण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री प्रमोद नैनवाल
05.05.2022

08. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र रानीखेत के अन्तर्गत मोहान–भतरौजखान–रानीखेत एवं भतरौजखान–भिकियासैंण–मासी मोटर मार्ग चारधाम यात्रा से भी जुड़ा हुआ है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते है ? क्या सरकार द्वारा उक्त मोटर मार्ग के चौड़ीकरण/सुधारीकरण/डामरीकरण कराये जाने हेतु कोई ठोस प्रयास किये जा रहे है ? यदि हां, तो ठोस प्रयास क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री भुवन चन्द्र कापड़ी
05.05.2022

**केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**

09. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के खटीमा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री द्वारा भारत माला परियोजना के तहत मोटर मार्गो की घोषणा की थी? यदि हां, तो वह प्रकिया कहां तक पहुंची ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.05.2022 | 10. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत जौनपुर प्रखण्ड के सकलाना पट्टी में ग्राम पंचायत तौलिया काटा (सौंदणा) में बरसात, अतिवृष्टि, भूस्खलन व बाढ़ से ग्रामीण काश्तकारों की सैकड़ो नाली कृषि भूमि फसलों सहित बह जाती है ? क्या यह सत्य है कि हर वर्ष कटाव के कारण सौंग नदी की चौड़ाई में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.05.2022 | 11. क्या संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत संत रविदास मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, शिव मंदिर जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? यदि हां, तो उक्त मंदिरों के रख–रखाव व जीर्णोद्धार हेतु धन की व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त मंदिरों का जीर्णोद्धार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>06.05.2022 | 12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड परिसम्पत्ति बंटवारे में खटीमा, टनकपुर, बनबसा, हरिद्वार, रुड़की में हमारे प्रदेश को किन–किन स्थानों में नदी, नहरों, डामों आदि में कितना स्वामित्व मिला व उत्तर प्रदेश को कितना स्वामित्व मिला ? क्या मंत्री जी उक्त दोनों राज्यों के मध्य नदी, नहरों, डामों के बंटवारे के स्वामित्व का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2022 | 13. क्या सिंचाई मंत्री के संज्ञान में हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत छाम–बल्डोगी झूला पैदल पुल टिहरी बांध झील बन जाने के फलस्वरूप जलमग्न हो गया था, जिस कारण इस क्षेत्र के आर–पार के सामाजिक–सांस्कृतिक, व्यापारिक व ऐतिहासिक रिश्ते कट चुके हैं ? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी बांध परियोजना झील बनने के कारण जितने भी मोटर व झूला पुल जलमग्न हुए थे उनके स्थान पर दांये–बायें सभी पुलों का निर्माण हो चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार टी0एच0डी0सी0 से हनुमन्त राव कमेटी की सिफारिश अनुसार छाम–बल्डोगी पैदल झूला पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>09.05.2022 | 14. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र डोईवाला में सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण की गयी कितनी सिंचाई नहरें व गूले है, जिनकी मरम्मत व पुनर्निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है? क्या सिंचाई मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जो नहरें, गूले क्षतिग्रस्त हो चुकी है, उनकी मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग द्वारा कब तक कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>09.05.2022 | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**<br>15. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में चारधाम यात्रा मार्ग के निर्माण की स्वीकृति की कार्यवाही कब प्रारम्भ हुई ? उक्त यात्रा मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| इंजी0 रवि बहादुर<br>09.05.2022 | 16. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जो डार्क जोन 2013–14 के सर्वे के माध्यम से बनाए गए थे, क्या उनका पुनः सर्वे किया गया है ? क्या सरकार इन क्षेत्रों में सिंचाई के लिए नलकूप की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी ? यदि, नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>09.05.2022 | 17. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर विधान सभा खटीमा में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित रिंग रोड का कार्य प्रगति पर है ? क्या सरकार कार्य प्रगति का विवरण सदन के पटल परखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री फुरकान अहमद<br>09.05.2022 | 18. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के अन्तर्गत आंतरिक सड़कों का निर्माण सम्बन्धी आगणन प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उन आगणनों का शासनादेश जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>10.05.2022 | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**<br>19. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुआँ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–87 का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है, जिसमें जगह–जगह गडढे बन गये है एवं उक्त कार्य समय से पूर्ण नहीं किये जाने के कारण प्रतिदिन दुर्घटनायें हो रही है और जान–माल की क्षति भी हो रही है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु कोई कार्यवाही गतिमान है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>10.05.2022 | **स्थगित ।**<br>20. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–87 के अन्तर्गत पड़ने वाले लालकुआं नगर में सड़क का चौडीकरण न होने के कारण मुख्य बाजार पर जाम की स्थिति बनी रहती है ? क्या सरकार की जनहित में चौडीकरण की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्या समस्या के निदान हेतु सरकार लालकुआं नगर के बाहर से बाईपास निकाले जाने की कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृज भूषण गैरोला<br>10.05.2022 | 21. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जिला देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई हेतु जो नलकूप लगाये गये हैं, वो खराब है जिसके कारण किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है ? क्या यह सत्य है कि टिहरी बांध विस्थापित पुनर्वास स्थल अठूरवाला, लिस्ट्राबाद, बालावाला, बांस कालोनी के नलकूप भी खराब हो चुके है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नलकूपों को पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कब तक करा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>10.05.2022 | 22. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पथरी रौ व रानी रौ, नदियों से हर वर्ष किसानों की भूमि का कटाव होता है ? क्या मंत्री जी को इस तथ्य की जानकारी है कि सन् 2013 में इन नदियों में आयी बाढ़ से हुए भू–कटाव के कारण किसानों को बहुत क्षति हुई थी ? क्या सरकार उपरोक्त नदियों से हुए कटाव से किसानो को हुए नुकसान का विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>10.05.2022 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक कुल कितनी किलोमीटर सड़के बनी है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद में अधिकांश सड़कों में अनेकों गडढे होने के कारण आवागमन में अत्यधिक कठिनाई हो रही है ? क्या सरकार जनपद हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की सड़कों का डामरीकरण/मरम्मत करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.05.2022 | **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–01 में स्थानान्तरित।**<br>24. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम सड़क योजना से निर्माणाधीन घेना मोटरमार्ग निर्माण के कारण घेना पट्टी सकलाना विकासखण्ड जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल के निवासी का आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गया था, का प्रतिकर भुगतान नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार क्षतिग्रस्त मकान का शीघ्र भुगतान करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजान दास<br>10.05.2022 | 25. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के राजपुर रोड़ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छादित, बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है तथा इस सम्बंध में सिंचाई विभाग देहरादून द्वारा रु0 146.28 लाख का प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया था, किन्तु अब तक भी चन्दर नगर नाले को आच्छादित, बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ? क्या सरकार जनहित में राजपुर रोड़ विधानसभा अन्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छादित बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>11.05.2022 | 26. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत पूरे चोरगलिया क्षेत्र में नंधौर नदी के पानी को आने से रोकने वाला दुबेल पहाड़ पिछली बाढ़ में आधा बह चुका है ? क्या सरकार दुबेल पहाड़ के कटाव को रोकने हेतु पर्याप्त तटबन्ध बनाने की कोई कार्ययोजना बना रही हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>11.05.2022 | 27. क्या ग्रामीण निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मेरे पूर्व पत्र संख्या मेमो/वी0आई0पी/2021, दिनांक 09.07.2021 विधान सभा क्षेत्र भगवनापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोहितपुर के शेरपुर कब्रिस्तान से ग्राम सरढेडी, शाहजहांपुर की ओर ग्रामीण सड़क निर्माण के सम्बन्ध में आपके द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 2638/वी0आई0पी0/21, दिनांक 27.09.2021 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग–हरिद्वार को कार्य करने हेतु दिये गये निर्देशों पर आज तक की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | ग्रामीण निर्माण |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>11.05.2022 | 28. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा लालढांग में वृहत जलाशय बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था ? यदि हां, तो उस प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है तथा सरकार लालढ़ाग में वृहत जलाशय निर्माण हेतु कब तक कार्ययोजना को कियान्वित कर देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह<br>11.05.2022 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रदेश में सड़कों को गड्डा मुक्त करने का कार्य कब से प्रारम्भ किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>11.05.2022 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत गूलरघाटी से कालूवाला को जोड़ने के लिए मोटर पुल की मांग स्थानीय जनता द्वारा कई वर्षो से की जा रही है ? क्या मंत्री जी अवगत है कि इस पुल के निर्माण होने से देहरादून की दूरी डोईवाला क्षेत्र से काफी कम हो जायेगी तथा जिससे कालूवाला स्थित प्रसिद्व सिद्वपीठ कालूसिद्व मंदिर में आने वाले श्रदालुओं को काफी सुविधा होगी ? क्या मंत्री जी व्यापक जनहित में गूलरघाटी से कालूवाला को जोड़ने के लिए मोटर पुल की स्वीकृति प्रदान करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>12.05.2022 | **स्थगित ।**<br>31. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि नेशनल हाईवे में सर्विस लेन के खराब होने एवं सड़कों पर जगह–जगह गड्डे होने से दुर्घटनाऐं बढ़ रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में एन0एच0–73 में मण्डावर से सालियर तक वर्ष 2019–20 और 2021–22 में कितनी दुर्घटनायें हुई ? क्या सरकार द्वारा दुर्घटना में घायल अथवा मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी मुआवजे का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>12.05.2022 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वीकृत समस्त सड़कों का निर्माण कार्य गतिमान है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होने की सम्भावना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>13.05.2022 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–20 में स्थानान्तरित।**<br>33. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के टिहरी बांध की झील के चारों ओर रिंग रोड़ का निर्माण प्रस्तावित है ? क्या इस रिंग रोड़ के बीच–बीच में मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण भी प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक इस रिंग रोड़ की स्वीकृति प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>13.05.2022 | 34. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत डोबरा में टिहरी बांध विस्थापित ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारों को दुकान निर्माण हेतु भूमि आवंटन की गई है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि लम्बे समय के बाद भी अभी तक यहां पर अवस्थापना विकास के कार्य नहीं किये गये है ? यदि हां, तो कब तक डोबरा में उक्त निर्माण कार्य किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री उमेश कुमार<br>13.05.2022 | 35. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्व0 श्री वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के नाम से राज्य में कौन–कौन की योजनाएं चल रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्व. श्री वीर चन्द्र सिंह गढ़वली जी के परिवार को राज्य सरकार द्वारा अब तक क्या–क्या लाभ दिये गये हैं ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>17.05.2022 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत पीपलडाली–रजाखेत मोटरमार्ग से सिलोली तक सड़क निर्माण विगत कई वर्ष पहले पूर्ण हो चुका है तथा सड़क का डामरीकरण एवं पेंटिंग भी कई वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सिलोली गाड़ में पुल न बनने से सड़क पर आवागमन काफी मुश्किल है तथा बरसात में आवागमन पूर्णतः बंद हो जाता है, जिससे स्थानीय जनता को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो कब तक उक्त पुल का निर्माण होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>17.05.2022 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि लोक निर्माण विभाग में विभिन्न खण्डों में निजी ऐजेन्सी से आउटसोर्स के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर तैनात मेट, बेलदार, वाहन चालक एवं मशीन आपरेटर आदि कर्मियों द्वारा विगत लम्बे समय से विभागीय संविदा/उपनल के माध्यम से नियुक्त देने हेतु लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है ? यदि हां, तो कब तक इन कर्मियों को विभागीय संविदा के माध्यम से नियुक्ति दी जायेगी अथवा उपनल में समायोजन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

श्री प्रीतम सिंह पंवार
17.05.2022

38. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम नेग्याणा के घटुगाड़ (भद्रीगाड़) में ग्रामीणों की सामूहिक कई हैक्टेयर भूमि है, जहां पर काश्तकारों द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की कई वर्षो से मांग की जा रही है ? क्या सरकार काश्तकारों के हित व आय में वृद्धि हेतु उक्त तोक में सिंचाई नहर का निर्माण करायेंगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री प्रीतम सिंह पंवार
17.05.2022

39. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के ग्राम पंचायत डांग गुसांई की सिंचाई नहर, आधार दीवार के क्षतिग्रस्त होने से बन्द पड़ी हुई है, जिस कारण उक्त नहर पर पानी नही चल पा रहा है ? क्या सरकार उक्त नहर की क्षतिग्रस्त आधार दीवार का पुनर्निर्माण करवाकर सिंचाई सुविधा बहाल करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री भुवन चन्द्र कापड़ी
17.05.2022

40. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में ऐसे भूमि/स्थानों जहां लोगों के घर बने है, पर सरकार द्वारा तालाब बनाये जा रहे है ? यदि हां, क्या उन भूमिहिनों को किसी अन्य स्थान पर घर बनाकर दिये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो उस योजना का प्रारुप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री महेश जीना
17.05.2022

41. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रसिद्व पर्यटक स्थलों को विकसित करने और रोजगार को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे है ? क्या मंत्री जी यह अवगत करायेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत प्रमुख पर्यटक स्थल मानिला, भौनादेवी, जूनियागढ़ी आदि स्थानों को विकसित करने एवं ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री मयूख महर
18.05.2022

**केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**

42. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत करायेंगे कि निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग टनकपुर पिथौरागढ़ के कटिंग के क्रम में अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लो0नि0वि0 लोहाघाट के पत्रांक 2294/10/44 दिनांक 16.11.2018 द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम व पो0ओ0 गुरना जिला पिथौरागढ़ के कई ग्रामीणों के आंगन का लगभग 1.5 मीटर हिस्सा कटिंग में आ रहा है ? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि सरकार उक्त भूमि का प्रभावितों को मुआवजा देगी व कटिंग में घर मार्ग व आंगन को हुई क्षति का पुनर्निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>18.05.2022 | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**<br>43. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राज मार्ग टनकपुर पिथौरागढ़ के विस्तारीकरण की प्रक्रिया में घाट से पिथौरागढ़ तक कितने पेयजल योजनाऐं, पेयजल स्रोत, ग्रामीण सम्पर्क मार्ग, ग्रामीणों की नाप भूमि, वन क्षेत्र क्षतिग्रस्त हुए है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त क्षतिग्रस्त योजनाओं हेतु पृथक–पृथक कुल कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है और अभी कितना उपलब्ध कराना शेष है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिह<br>18.05.2022 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री को घोषणा संख्या–198 / 2014 के अन्तर्गत क्या सरकार जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता में बायला से सैंज (क्वानू) मोटर मार्ग निर्माण के लिए धन उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>18.05.2022 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–19 में स्थानान्तरित।**<br>45. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा काशीपुर के विकास के प्रति की गई 6 घोषणाओं में से एक घोषणा जिसमें काशीपुर–रामनगर रोड से काशीपुर–बाजपुर रोड तक द्रोणासागर नहर के ऊपर 2 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना सम्मिलित था, का शिलान्यास दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 को काशीपुर में किया गया था ? क्या लोक निर्माण मंत्री जी बतायेंगे कि सम्बन्धित मार्ग निर्माण के प्रति किस विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है एवं कितनी धनराशि की स्वीकृति दी गई है और मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>19.05.2022 | 46. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल में उत्तर द्वारिका के नाम से प्रसिद्ध सैम नागराजा धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है और यहां पर हर तीसरे साल में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि मंदिर में जाने के लिए पैदल मार्ग जिसकी लम्बाई लगभग 1600 मीटर है, धूप एवं बरसात से बचने के लिए कैनौपी निर्माण विगत लम्बे समय से प्रस्तावित है जिसकी स्वीकृति अभी तक नहीं मिल पायी है ? क्या यह सत्य है कि माजरेभाल से मणबागी सौड़ तक सड़क के प्रथम चरण की स्वीकृति मिल चुकी है किन्तु अभी तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार श्रद्धालुओ हेतु कैनोपी एवं माजरेभाल से मणवागी सौड़ तक सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>19.05.2022 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वीकृत मोटर मार्गो का वन भूमि की स्वीकृति न मिलने से निर्माण नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अवगत हैं जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत हरड़ा–भिकियासैंण व मछोड़–ढुंगामोहान जैसे महत्वपूर्ण मोटर मार्गों की स्वीकृत के बाद वनभूमि की स्वीकृति नहीं मिलने से मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार वन भूमि हस्तान्तरण के नियमों में प्रत्यावर्तन करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>19.05.2022 | 48. उत्तराखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र 2021 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के उत्तर के संदर्भ में लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या (ब्लाक सी की लेन नं0–4 से बाल सुन्दरी मंदिर तक ) पर गति अवरोधकों का निर्माण कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो सदन को भ्रमित करने के उद्देश्य से उत्तरालेख्य का आलेखन करने के लिए कौन अधिकारी दोषी है और कब तक गति अवरोधकों को निर्माण कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2022 | 49. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रायपुर–कुमातड़ा–कद्दूखाल मोटरमार्ग से मथेट तक मोटर मार्ग निर्माण का मलवा डम्पिंग जोन में डालने के बजाय खेतों/अन्य स्थानों पर डाला जा रहा है ? क्या यह सत्य हैं कि मथेट मय नारायणगांव (सकलाना) जौनपुर निवासी विजेन्द्र सिंह के आवासीय मकान को मलवे के कारण खतरा उत्पन्न हो गया है ? क्या सरकार नियम विरूद्ध कार्य करने वाले कार्मिकों पर कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री उमेश कुमार<br>20.05.2022 | 50. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित की जा रही होम स्टे योजना के मानक क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में स्थापित होम स्टे व्यवसायिक अथवा आवासीय में से किस श्रेणी में आते है तथा उक्त परिधियों में आने वाले होम स्टे से क्या सरकार किसी प्रकार का कोई कर लेती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री हरीश सिंह धामी<br>23.05.2022 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान में है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अंतर्गत स्वीकृत नारायण आश्रम बस्ती, बलुवाकोट से लेख, बलुवाकोट से पोखरी, गिनी बैण्ड से गिनी गांव, लुमती से मल्ला लुमती, जाराजीबली से मेतली, बरम से कनार, क्वीटी से सीमिली, क्वीटी से रूईसपांट, समकोट से डोकला होते हुए लोत, बंगापानी से आलम, दाखिम से माणी होते हुए बंगापानी, धामीगांव से मदरमा होते हुए बंगापानी, फुली से रूईसपाटा, होकरा से जर्थी, टिमटिमिया से बोरागांव बारोपोली, नाचनी घटघोरगाड़ी, डोर से नाकरी, गोगिना से नामिक, बरम से सन्यालगांव होते हुए पय्यापौड़ी, ढोंगातोली से देवपातल होते हुए पय्यापौड़ी, घट्टाबगड़ से ओखालढूंगा, कंजूती से सुआ आदि सड़कों का निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या उपरोक्त उल्लिखित सड़कों का निर्माण कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री फुरकान अहमद<br>23.05.2022 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान–कलियर में रामपुर चुंगी मण्डी से सोलानी नदी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य योजना 2020–21 के अन्तर्गत स्वीकृत नाले की धनराशि से रूड़की विधान सभा के स्थान पर पिरान कलियर विधान सभा के ऐसे स्थान पर निर्माण कराया गया है, जहां पर यथाशीघ्र चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

## नत्थी-"ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 13 जून, 2022 की बैठक में दिनांक 14 जून, 2022 से 16 जून, 2022 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

**जून, 2022**

| | | |
|---|---|---|
| 14 जून, 2022 (मंगलवार) | 1. | अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना। |
| | 2. | औपचारिक कार्य। |
| | 3. | विधायी कार्य। |
| | 4. | वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आय-व्ययक का प्रस्तुतीकरण। **(अपराह्न 04:00 बजे)** |
| 15 जून, 2022 (बुधवार) | 1. | आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | 2. | विधायी कार्य। |
| 16 जून, 2022 (बृहस्पतिवार) | 1. | आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | 2. | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | 3. | विधायी कार्य। |